**Sixteenth Loksabha**

an>

Title: The Speaker made references to the passing away of Shri Mansoor Ali Khan, Member, 13th Lok Sabha; Shri Puran Chandra, Member, 8th Lok Sabha; Shri P. Manik Reddy, Member, 8th Lok Sabha; Shri Gurudas Kamat, Member, 8th, 10th, 12th, 14th and 15th Lok Sabhas; Shri Mohan Jain, Member, 6th Lok Sabha; Shri Santaram Potdukha, Member, 7th to 10th Lok Sabhas; Smt. Kamla Kumari, Member, 4th, 5th, 7th and 8th Lok Sabhas; Shri N.D. Tiwari, Member, 7th, 11th and 13th Lok Sabhas; Shri Madan Lal Khurana, Member, 9th 10th, 12th and 13th Lok Sabhas; Shri Narayan Swaroop Sharma, Member, 14th Lok Sabha and Shri C.K. Jaffer Sharief, Member 5th to 10th, 12th and 13th Lok Sabhas.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, मुझे सभा को ग्यारह पूर्व सदस्यों सर्वश्री मंसूर अली खान, पूरन चंद्र, पी. माणिक रेड्डी, गुरुदास कामत, मोहन जैन, शांताराम पोतदुखे, सुश्री कमला कुमारी, नारायण दत्त तिवारी, मदन लाल खुराना, नारायण स्वरूप शर्मा और सी.के. जाफर शरीफ के दु:खद निधन के बारे में सूचित करना है।

**श्री मंसूर अली खान** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 13वीं लोक सभा के सदस्य थे। वे वर्ष 1999 से 2000 तक रक्षा संबंधी समिति के सदस्य थे। श्री मंसूर अली खान का निधन 77 वर्ष की आयु में 15 अगस्त, 2018 को नई दिल्ली में हुआ था।

**श्री पूरन चंद्र** उत्तर प्रदेश के हाथरस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री पूरन चंद्र वर्ष 1969 से 1984 तक तीन बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, श्री पूरन चंद्र ने कई शैक्षणिक संस्थाओं की स्थापना की तथा सामाजिक कल्याण और सार्वजनिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया।

श्री पूरन चंद्र का निधन 84 वर्ष की आयु में 15 अगस्त, 2018 को अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में हुआ।

**श्री पी. माणिक रेड्डी** आंध्र प्रदेश (वर्तमान तेलंगाना) के मेडक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8वीं लोक सभा के सदस्य थे। वे सरकारी आश्वासनों संबंधी समिति के सदस्य रहे। श्री पी. माणिक रेड्डी का निधन 75 वर्ष की

आयु में 19 अगस्त, 2018 को हैदराबाद, तेलंगाना में हुआ।

**श्री गुरुदास कामत** महाराष्ट्र के बम्बई उत्तर-पूर्व संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 8वीं और 10वीं लोक सभा, मुंबई उत्तर-पूर्व संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 12वीं तथा 14वीं लोक सभा तथा मुम्बई उत्तर-पश्चिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 15वीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री गुरुदास कामत केन्द्रीय संचार और सूचना प्रौद्योगिकी तथा गृह राज्य मंत्री भी रहे। एक योग्य संसदविद्, श्री कामत ऊर्जा संबंधी समिति के सभापति और विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य रहे।

श्री गुरुदास कामत का निधन 63 वर्ष की आयु में 22 अगस्त, 2018 को नई दिल्ली में हुआ।

**श्री मोहन जैन** मध्य प्रदेश (वर्तमान छत्तीसगढ़) के दुर्ग संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी लोक सभा के सदस्य थे। एक सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता, श्री जैन अनेक सामाजिक कल्याण और धार्मिक गतिविधियों से जुड़े रहे।

श्री मोहन जैन का निधन 83 वर्ष की आयु में 16 सितम्बर, 2018 को भिलाई, छत्तीसगढ़ में हुआ।

**श्री शांताराम पोतदुखे** महाराष्ट्र के चंद्रपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 7वीं से 10वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री पोतदुखे वर्ष 1991 से 1993 तक केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री रहे। एक सक्रिय सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता, श्री पोतदुखे ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कार्य किया।

श्री शांताराम पोतदुखे का निधन 85 वर्ष की आयु में 23 सितम्बर 2018 को नागपुर, महाराष्ट्र में हुआ।

**सुश्री कमला कुमारी** बिहार (वर्तमान झारखंड) के पलामू संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी, पांचवीं, सातवीं और आठवीं लोक सभा की सदस्य थीं। वे वर्ष 1982 से 1983 तक केंद्रीय कृषि और ग्रामीण पुनर्गठन उपमंत्री रहीं।

सुश्री कमला कुमारी ने बालिका शिक्षा और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया।

सुश्री कमला कुमारी का निधन 81 वर्ष की आयु में 9 अक्टूबर, 2018 को रांची, झारखंड में हुआ।

**श्री एन.डी. तिवारी** उत्तर प्रदेश (वर्तमान उत्तराखंड) के नैनीताल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं, ग्यारहवीं और तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे। वह 1985 से 1988 तक राज्य सभा के सदस्य भी रहे।

श्री एन.डी. तिवारी केन्द्रीय वित्त और वाणिज्य, विदेश, योजना और उद्योग मंत्री रहे तथा उन्होंने इस्पात और खान मंत्रालय, श्रम मंत्रालय एवं पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला। श्री

तिवारी उत्तर प्रदेश के तीन बार और उत्तराखंड के एक बार मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार में विभिन्न मंत्रालयों में मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री तिवारी नौ बार उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सदस्य और उत्तराखंड विधान सभा के सदस्य भी रहे। वह चार बार उत्तर प्रदेश विधान सभा में विपक्ष के नेता भी रहे। उन्होंने आंध्र प्रदेश के राज्यपाल और योजना आयोग के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया।

स्वतंत्रता सेनानी श्री एन.डी. तिवारी ने वर्ष 1942-44 के दौरान स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था।

लेखन प्रतिभा के धनी, श्री एन.डी. तिवारी 'प्रभात' के संपादक रहे और उन्होंने विभिन्न समाचार-पत्रों में समसामायिक विषयों पर अनेक लेख लिखे। उन्होंने 'यूरोपियन मिसेलेनी' नामक एक पुस्तक भी प्रकाशित की।

श्री एन.डी. तिवारी का निधन 93 वर्ष की आयु में 18 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में हुआ।

**श्री मदन लाल खुराना** दक्षिण दिल्ली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं और दसवीं एवं दिल्ली सदर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से बारहवीं और तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री मदन लाल खुराना वर्ष 1993 से 1996 तक दिल्ली के मुख्य मंत्री रहे और वर्ष 1998 से 1999 तक केंद्रीय संसदीय कार्य और पर्यटन मंत्री भी रहे।

अपने लंबे संसदीय और राजनीतिक कार्यकाल के दौरान श्री खुराना वर्ष 2004 में राजस्थान के राज्यपाल रहे और विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

श्री मदन लाल खुराना का निधन 82 वर्ष की आयु में 27 अक्टूबर, 2018 को नई दिल्ली में हुआ।

**श्री नारायण स्वरूप शर्मा** उत्तर प्रदेश के डुमरियागंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी लोक सभा के सदस्य थे। श्री शर्मा, नियम समिति, ग्रंथालय समिति, न्यायाधीश (जांच) नियम संबंधी संयुक्त समिति के सदस्य रहे।

श्री नारायण स्वरूप शर्मा का निधन 88 वर्ष की आयु में 7 नवम्बर, 2018 को लंदन में हुआ।

**श्री सी.के. जाफर शरीफ** कर्नाटक के मैसूर-कनकपुरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पांचवीं लोक सभा और बंगलौर उत्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से छठी से दसवीं, बारहवीं तथा तेरहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री सी.के. जाफर शरीफ केंद्रीय रेल मंत्री तथा केंद्रीय रेल, सिंचाई और कोयला राज्य मंत्री रहे।

उनका निधन 85 वर्ष की आयु में 25 नवम्बर, 2018 को बेंगलुरू, कर्नाटक में हुआ।

हम अपने 11 पूर्व सहयोगियों के निधन पर गहन शोक व्यक्त करते हैं। मैं अपनी तथा सभा  की ओर से शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करती हूँ।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैडम, अम्बरीश जी का भी है।

**माननीय अध्यक्ष :** कल करेंगे।

**<u>11 14 hrs</u>**

*The Members then stood in silence for a short while.*